>

Title: Need to provide basic infrastructure facilities in all the schools in the country.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): सभापति महोदय, मैं एक ऐसी समस्या का जिक्र करना चाहता हूं, जिसकी जानकारी सब को है, पर इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हमारे देश में कई प्राइमरी स्कूलों में, माध्यमिक स्कूलों में एवं सैकेण्डरी स्कूलों में छात्रों के लिए खेल के मैदान नहीं हैं और जहां हैं, उन मैदानों में स्कूल की बाउंड्री नहीं है। स्कूल के परिसर में कई जगह बाउंड्री नहीं है और इस चारदीवारी नहीं होने की वजह से हमारे मुख्य रूप से देहाती इलाकों में, छोटे शहरों में एवं कुछ जगह बड़े शहरों में भी काफी समस्या है। चारदीवारी नहीं होने की वजह से मैदानों में अतिक्रमण हो रहा है और चारदीवारी नहीं होने के कारण स्कूल के परिसर में कई बार आवारा पशु घूमते रहते हैं। एक जगह पढ़ाई होती है तो दूसरी जगह उसकी बगल में पशु आते जाते रहते हैं। शाम के समय, रात के समय, खासकर कस्बों में एवं बड़े शहरों में असामाजिक तत्व वहां जुआ खेलते हैं, दारू पीते हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं सदन में इस मांग को रख कर सरकार का ध्यान इस आकर्षित करना चाहता हूं कि स्कूल के मैदानों में चारदीवारी हो। स्कूल के मैदान हों, जहां बच्चे खेल सकें और स्कूल की सुविधा में उचित प्रकार का पेयजल और शौचालय बनाये जायें, इस पर सरकार ध्यान दे।

MR. CHAIRMAN: Shrimati Botcha Jhansi Lakshmi is allowed to associate with the issue raised by Shri Ijyaraj Singh.

श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े - अनुपस्थित।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

MR. CHAIRMAN: I would request the hon. Members to take one minute each. Otherwise it would be very difficult to complete the list. It is already 8 p.m. now. So, please take one minute each. Come straight to the point.